# ताशी के बारे में

## ताशी

समुदाय का , समुदाय से , समुदाय के द्वारा लगभग 25 साल से चिकनकारी और 40 साल से लोगों के बीच में काम करने का अनुभव हमें बनाता है अलग | हमें जहां इस बात का अनुमान है कि बदलते मार्किट के साथ काम की मांग कैसे बदली है वहीँ हमें गरीब और अशिक्षित तबके के लोगों की क्षमता वृद्धि का वर्षों का अनुभव है |

ताशी सिर्फ एक व्यवसाय नहीं बल्कि समाज में बदलाव और आर्थिक विकास के लक्ष्य के साथ स्थापित किया है | सम्भव सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन और पेहेल फाउंडेशन जैसे अपने अपने क्षेत्र में पुराने अनुभवी संस्थान ताशी को एक जीवन शैली के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं |

## आईये और अनुभव करें


**ज़ोहरा मंजिल**
**मासूम अली चिकन हाउस**
**475/63-64, इरादत नगर, कदम रसूल**
**डालीगंज , लखनऊ-226020**
**फोन : 91658-50232, 99935-92493**
**www.tashithreadcraft.com**


TASHi

# ताशी थ्रेड क्राफ्ट

चिकनकारी एवं ज़री प्रशिक्षण एवं उत्पादन केंद्र

## हमारा बुनियादी उद्देश्य

गरीब महिलाओं को ट्रेनिंग और स्थान उपलब्ध कर स्थाई आमदनी का साधन तैयार करना |

**संभव संस्था सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ, डालीगाज,लखनऊ के चिकन और जरी काम में रुचि रखने वाली महिलाओं को स्थाई ट्रेनिंग और रोजगार प्रदान करने के लिए कदम बढ़ा रही है।**

**संभव संस्था और पहल फाउंडेशन ,(पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन) के साथ संयुक्त भागीदारी से चिकनकारी ट्रेनिंग और उत्पादन यूनिट डालीगंज लखनऊ में स्थापित की गई है।**

# चिकनकारी, ज़री और ताशी

**एक उच्च कोटि चिकनकारी एवं ज़री प्रोडक्शन केंद्र, जो मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा, महिलाओं के लिए संचालित है। हम यहाँ प्रशिक्षण देने के साथ-साथ, उच्च गुणवत्ता वाले चिकन प्रोडक्ट्स बनाते हैं | हमारा ध्येय हैं ऐसी चिकनकारी और ज़री को प्रोत्साहन देना जो आधुनिक बाजार की मांगों को पूरा करता हो ।**

**ताशी में महिलाओं को पेशेवर तरीके से प्रशिक्षित किया जाता है | यहाँ चिकनकारी और ज़री के सभी आयाम सिखाई जाते हैं एवं ऐसा प्रोडक्शन केंद्र स्थापित किया गया है जो बाज़ार के अनुसार हो।**

## ताशी क्यों

- पारंपरिक हुनर को सुदृढ़ बनाना और महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए |
- महिलाओ को समाज और परिवार में सम्मान जनक स्थान दिलाने के लिए |

### ट्रेनिंग:

महिलाओं को चिकन और जरी के की कढ़ाई में आधुनिक फैशन के आधार पर उच्च कौशल विकसित करना।

### डिजाइन:

कुशल डिजाइनरों के मार्गदर्शन में परंपरागत एवं। मॉडर्न चलन के आधार पर परिधान और वस्त्रो का निर्माण करना।

### रोजगार एवं उत्पादन केंद्र:

एक स्थाई रोजगार और उत्पादन केंद्र बनाने का लक्ष्य, जिससे जरूरतमंद और योग्य लोगों को निरंतर काम मिल सके।

### धरोहर का संरक्षण:

सदियों पुरानी चिकन और जरी की धरोहर को नए आयाम और प्रौद्योगिकी के साथ बचाने और बढ़ाने का प्रयास करना।